
# चालाक लोमड़ी

## • चित्रकथा •





**शिक्षण संकेत**

- बच्चों से उपर्युक्त कहानी के विषय में विभिन्न प्रश्न पूछिए; जैसे—
  - कौआ छत से क्या लेकर उड़ गया?
  - लोमड़ी पेड़ के नीचे क्यों आकर बैठी?
  - लोमड़ी की बातें सुनकर कौए ने क्या किया?
  - कौआ रोटी लेकर कहाँ जा बैठा?
  - लोमड़ी ने कौए से क्या कहा?
  - कौए के चोंच खोलने पर क्या हुआ?
- सभी प्रश्न पूछने पर अंत में बच्चों से कहानी सुनाने को कहिए।

# वर्णमाला परिचय

## • पुनरावृत्ति •




**शिक्षण संकेत**

- बच्चों को समझाएँ कि हिंदी वर्णमाला में 10 'स्वर' (अ से औ), 2 'अयोगवाह' (अं, अः), 33 'व्यंजन' (क से ह), 4 'संयुक्ताक्षर' (क्ष, त्र, ज्ञ और श्र) तथा 2 'अतिरिक्त वर्ण' (ड़, ढ़) होते हैं।
- 'अं' अनुस्वार ( ं ) रूप में तथा 'अः' विसर्ग (ः) रूप में प्रयोग होता है।
- 'ड़' और 'ढ़' अतिरिक्त वर्णों से कोई शब्द प्रारंभ नहीं होता।

# 1 अमात्रिक शब्द

## दो वर्णों वाले शब्द

**देखिए, समझिए और पढ़िए :**



फ | ल | फल



र | थ | रथ



ब | स | बस

**मिलाकर पढ़िए :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अब | चल | पग | तन | छड़ | नर |
| कब | छल | मग | मन | लड़ | खर |
| जब | जल | नग | धन | धड़ | हर |
| तब | ढल | जग | फन | पड़ | डर |

**अब ये वाक्य पढ़िए :**

सच कह। डर मत। घर चल। अब यह पढ़। हठ मत कर। घर तक चल। छत पर चढ़। जय झट-पट उठ। खट-पट मत कर। नल पर चल कर जल भर।



# तीन वर्णों वाले शब्द

## देखिए, समझिए और पढ़िए :





| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ल | श | कलश | क | म | ल | कमल | ब | त | ख | बतख |

## मिलाकर पढ़िए :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमन | अटक | नहर | महल | पवन | कड़क |
| चमन | मटक | ठहर | दहल | धवन | भड़क |
| रमन | चटक | लहर | पहल | हवन | सड़क |
| गमन | लटक | शहर | बहल | भवन | धड़क |

## अब ये वाक्य पढ़िए :

रमन पढ़। मटक मत। कलश रख।
अजय टहल। कमल इधर रख।
कलश मत पटक। बतख मत पकड़।
सड़क पर मटक मत। कदम उस
तरफ़ रख। बस पकड़ कर शहर चल।
इधर-उधर मत झपट। झपट कर
नहर पर चल।




# चार वर्णों वाले शब्द

## देखिए, समझिए और पढ़िए :




ब र ग द

बरगद



श ल ज म

शलजम



प न घ ट

पनघट

## मिलाकर पढ़िए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| खटपट | हलचल | चमचम | कसरत |
| झटपट | मलमल | झमझम | हसरत |
| चटपट | खटमल | टमटम | नफ़रत |
| सरपट | दमकल | सरगम | शरबत |

**शिक्षण संकेत**

- इसी प्रकार के कुछ अन्य शब्द बनाकर बच्चों से पढ़वाएँ। फिर बच्चों से छोटे-छोटे वाक्य बनाकर पढ़ने का अभ्यास कराएँ।

## अब ये वाक्य पढ़िए :

अनवर उठ। उबटन मल। अचकन पहन। शरबत चख। बरतन इधर रख। झटपट टमटम पर चढ़। बरतन पनघट पर रख। गणपत उठकर खटमल पकड़। दशरथ तरकश पकड़। अचकन पहन कर सरकस तक चल।



## पाठ बोध

**1. दिए गए चित्रों के सही शब्द के सामने 3 लगाइए :** समेटिव असेसमेंट



बस [ ] रस [ ]




जल [ ] नल [ ]




सड़क [ ] डगर [ ]



कलश [ ] कमल [ ]




कमरख [ ] शलजम [ ]



कटहल [ ] परवल [ ]


**2. चित्र देखकर शब्द पूरे कीजिए :**



ह ____




____ ल



____ ट



क ____ श



प ____ घट



____ जग ____



ब ____ त ____



____ रब ____

**3. वर्णों को मिलाकर शब्द लिखिए :**

ज ग ________ छ ड़ ________ प त्र ________ य ज्ञ ________

ल ट क ________ म ह ल ________ ब ह स ________

ख ट म ल ________ न फ़ र त ________

**4. चित्रों की मदद से वाक्य पूरे कीजिए :**

क.  ________ पर चढ़।

ख. नल पर  ________ भर।

ग.  ________ तक चल।



घ.  ________ पर कमल रख।

ङ. दशरथ  ________ पकड़।

च. अनवर  ________ चख।

## मौखिक अभिव्यक्ति

**✤ चित्रों के नाम के साथ बोलकर पढ़िए :** फॉरमेटिव असेसमेंट

जय अब  चल।  पर  भर।  पढ़ कर रख। अमन  पकड़।  पर मत टहल। रमन अब  भर। असगर  पकड़। धनपत पनघट पर  रख।  पर मत चढ़।

## रचनात्मक अभ्यास

**✤ दिए गए चित्रों में रंग भरिए :**

